Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ؕ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 5

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 24

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

18 शव्वाल 1441 हिजरी कमरी 11 इहसान 1399 हिजरी इहसान 11 जून 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

नमाज़ में लज़्ज़त और आनन्द भी उबूदीयत और रबूबियत के एक सम्बन्ध से पैदा होता है।

जब तक अपने आपको तुच्छ या तुच्छ समान क़रार दे कर जो रबूबियत का ज़ाती तक़ाज़ा है न डाल दे।

इस का फ़ैज़ान और छाया इस पर नहीं पड़ती

और अगर ऐसा हो तो फिर उच्च स्तर दर्जा का आनन्द प्राप्त होती है। जिस से बढ़कर कोई आनन्द नहीं है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

नमाज़ के अरकान की वास्तविकता

नमाज़ के अरकान वास्तव में रुहानी उठने बैठने के दो हिस्से हैं। इन्सान को ख़ुदा तआला के समक्ष खड़ा होना पड़ता है और क़ियाम भी शिष्टाचार सेवा करने वालों में से है। रुकू जो दूसरा हिस्सा है बतलाता है कि मानो तैयारी है कि वह आज्ञापालन के लिए में किस क़दर गर्दन झुकाता है और सिज्दा सम्पूर्ण शिष्टाचार और सम्पूर्ण विनय और विनम्रता को जो इबादत का लक्ष्य है ज़ाहिर करता है। यह शिष्टाचार और तरीके हैं जो ख़ुदा तआला ने बतौर याददाश्त के निर्धारित कर दिए हैं और जिस्म को भीतरी तरीक़ा से हिस्सा देने के लिए उनको निर्धारित किया है। इस के अतिरिक्त भीतरी तरीक़ा के करने की लिए एक ज़ाहरी तरीक़ा भी रख दिया है। अब अगर ज़ाहिरी तरीक़ा में(जो अंदरूनी और बातिनी तरीक़ा का एक प्रतिबिम्ब है) सिर्फ नक़्क़ाल की तरह नक़लें उतारी जाएं और उसे एक गहरा बोझ समझ कर उतार फैंकने की कोशिश की जाए। तो तुम ही बतलाओ। इस में क्या लज़्ज़त और आनन्द आ सकता है? और जब तक लज़्ज़त और आनन्द न आए उस की हक़ीक़त कैसे प्रमाणित होगी और यह उस समय होगा जब कि रूह भी साक्षात विनय और विनम्रता हो कर अल्लाह तआला के समक्ष गिरे और जो ज़बान बोलती है रूह भी बोले। इस वक़्त एक आनन्द और नूर और सन्तोष प्राप्त हो जाता है। मैं इस को और खोल कर लिखना चाहता हूँ कि इन्सान जितने स्तर तय करके इन्सान होता है। अर्थात कहाँ नुतफ़ा। बल्कि इस से भी पहले नुतफ़ा के अंग अर्थात विभिन्न किस्म की ख़ुराक और उन की साख़त और बनावट। फिर नुतफ़ा के बाद विभिन्न स्तर के बाद बच्चा फिर जवान , बूढ़ा। अत: इन समस्त अवस्थायों में जो इस पर विभिन्न समयों में गुज़रे हैं। अल्लाह तआला की रबूबियत का स्वीकार करने वाला हो और वह नक़्शा प्रत्येक क्षण उस के ज़हन में खिंचा रहे। तो भी वह इस योग्य हो सकता है कि रबूबियत के समक्ष अपनी उबूदीयत को डाल दे। अत: लक्ष्य यह है कि नमाज़ में लज़्ज़त और आनन्द भी उबूदीयत और रबूबियत के एक सम्बन्ध से पैदा होता है। जब तक अपने आपको तुच्छ या तुच्छ समान क़रार दे कर जो रबूबियत का ज़ाती तक़ाज़ा है न डाल दे। इस का फ़ैज़ान और छाया इस पर नहीं पड़ती और अगर ऐसा हो तो फिर उच्च स्तर दर्जा का आनन्द प्राप्त होती है। जिस से बढ़कर कोई आनन्द नहीं है।

सच्ची नमाज़

इस स्थान पर इन्सान की रूह जब साक्षात नीस्ती हो जाती है तो वह ख़ुदा की तरफ़ एक चश्मा की तरह बहती है और अल्लाह के अतिरिक्त से उसे सम्पूर्ण रूप से दूरी हो जाती है। उस वक़्त ख़ुदा तआला की मुहब्बत उस पर गिरती है। इस जुड़ाव के वक़्त इन दो जोशों से जो ऊपर की तरफ़ से रबूबियत का जोश और नीचे की तरफ़ से उबूदीयत का जोश होता है, एक विशेष अवस्था पैदा होती है, इस का नाम सलात है। अत: यही वह सलात है जो बुराइयों को भस्म कर जाती है और अपनी जगह एक नूर और चमक छोड़ देती है। जो सालिक को रास्ता के ख़तरों और मुश्किलों के समय एक रोशन चिराग़ का काम देती है और हर किस्म की रुकावट और ठोकर के पत्थरों और रास्ता के कांटों से जो उस की राह में होती हैं, आगाह करके बचाती है और यही वह हालत है जब कहा اِنَّ الصَّلٰوةَ تَنْهٰى عَنِ الْفَحْشَآءِ وَالْمُنْكَرِ(अल-अनकबूत:46) का इतलाक़ इस पर होता है। क्योंकि उस के हाथ में नहीं। नहीं उस के दिल के चिराग़ रखने के स्थान पर एक रोशन चिराग़ रखा हुआ होता है और यह स्तर सम्पूर्ण विनय, सम्पूर्ण विनम्रता और आजज़ी और पूरी इताअत से प्राप्त होता है। फिर गुनाह का विचार उसे कैसे आ सकता है और इन्कार इस में पैदा ही नहीं हो सकता। अश्लीलता की तरफ़ उस की नज़र उठ ही नहीं सकती। अत: उसे ऐसी लज़्ज़त , ऐसा आनन्द प्राप्त होता है मैं नहीं समझ सकता कि उसे किस प्रकार वर्णन करूँ।

अल्लाह के अतिरिक्त की तरफ़ रुजू

फिर यह बात याद रखने के योग्य है कि यह नमाज़ जो अपने वास्तिवक अर्थो में नमाज़ है, दुआ से प्राप्त होती है। अल्लाह के अतिरिक्त किसी अन्य से सवाल करना मोमिनाना ग़ैरत के स्पष्ट रूप से विरोधी है क्योंकि यह स्तर दुआ का अल्लाह ही के लिए है। जब तक इन्सान पूरे तौर पर भयभीत हो कर अल्लाह तआला ही से सवाल न करे और इसी से न मांगे। सच समझो कि हक़ीक़ी तौर पर वह सच्चा मुसलमान और सच्चा मोमिन कहलाने का अधिकारी नहीं। इस्लाम की वास्तिवकता ही यह है कि इस की समस्त ताक़तें अंदरूनी हूँ या बैरूनी, सबकी सब अल्लाह तआला ही के आस्ताना पर गिरी हुई हों। जिस तरह पर एक बड़ा इंजन बहुत से पुर्ज़ों को चलाता है। अत: इसी तरीका से जब तक इन्सान अपने हर काम और हर हरकत तथा ठहराव को इसी इंजन की बड़ी ताकत के अधीन न कर ले वे क्योंकर अल्लाह तआला की उलूहियत का मानने वाला हो सकता है और अपने आपको اِنِّيْ وَجَّهْتُ وَجْهِيَ لِلَّذِيْ فَطَرَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ (अल-अनाम:80) कहते वक़्त वास्तव में हनीफ़ कह सकता है? जैसे मुंह से कहता है वैसे ही उधर की तरफ़ मुतवज्जा हो तो नि:सन्देह वह मुस्लिम है। वह मोमिन और हनीफ़ है लेकिन जो आदमी अल्लाह तआला के अतिरिक्त अल्लाह से सवाल करता है और इधर भी झुकता है वह याद रखे कि बड़ा ही बदक़िस्मत और महरूम है कि इस पर वह वक़्त आ जाने वाला है कि वह ज़बानी और नुमाइशी तौर पर अल्लाह तआला की तरफ़ न झुक सके।

नमाज़ छोड़ने की आदत और सुस्ती का एक कारण यह भी है क्योंकि जब इन्सान

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-7)

हॉलैंड से फ्रांस के लिए रवानगी,फ्रांस में आना ,मस्जिद बैयतुल अता का उद्घाटन,फ़ैमिली मुलाक़ातें जलसा सालाना फ्रांस का आयोजन,हुज़ूर अनवर के साथ औरतों का इजलास और सनदों का तक़सीम करना

फ्रांस के शहर Trie-Chateau मैं जमाअत फ्रांस के नए सैंटर "बैयतुल अता " का उद्घाटन

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने इस स्थान का नाम रखते हुए अमीर साहिब फ्रांस को फ़रमाया था कि

"जब अल्लाह तआला ने अता की है तो फिर "बैयतुल अता" नाम रख लें।

हॉलैंड के एक क्षेत्रीय टीवी Omroep Flevoland" मैं अहमदिया मस्जिद अलमेरे (हॉलैंड) के उद्घाटन के बारे में प्रसारण

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

1 अक्तूबर 2019 ई(दिनांक मंगलवार)

मेहमानों के विचार

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ के इस ख़िताब ने इस आयोजन में शामिल होने वाले मेहमानों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। कुछ मेहमानों ने अपनी विचार और भावनाओं का इज़हार किया।

अलमेरे Almere) चर्च के चेयरमैन हाईवोतेज़ल साहिब ने अपनी भावनाओं का इज़हार करते हुए कहा: आपकी जमाअत का पैग़ाम अमन का पैग़ाम है। आपके ख़लीफ़ा ने अमन और धार्मिक आज़ादी पर बहुत ही उत्तम तक़रीर की है। अलमेरे में पहले कैथोलिकस और परोटीसटनटस मिलकर अमन के साथ रहते थे और अब उम्मीद है कि अहमदी भी हमारे साथ मिलकर अमन के साथ रहेंगे।

एक लोकल डच मेहमान यूना से साहिब ने वर्णन किया: मुझे कुछ समय पहले उद्घाटन का दावतनामा मिला था। आपकी जमाअत की यह बहुत अच्छी बात है कि आप दूसरों के साथ बातचीत करने को तैय्यार हैं। आपके ख़लीफ़ा का पैग़ाम बहुत स्पष्ट था और मैं इंशा अल्लाह फिर इस मस्जिद में आऊँगा।

एक अरब मेहमान अल-वलीद साहिब ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा: आपके प्रोग्राम में आकर बहुत अच्छा लगा। मैं कुछ समय से आप की जमाअत का परिचय प्राप्त कर रहा हूँ। दुनिया को आपकी जमाअत के अमन के पैग़ाम की ज़रूरत है और आपके ख़लीफ़ा का ख़िताब मुझे बहुत पसंद आया कि यह मस्जिद अमन की भूमिका अदा करेगी।

एक डच औरत हीनी साहिबा ने कहा "ख़लीफ़ा का पैग़ाम अमन का पैग़ाम है। मैं अलमेरे में रहती हूँ। मुझे बहुत अच्छा लगा कि आपने हमें अपनी मस्जिद के उद्घाटन के अवसर पर बुलाया है। आपकी जमाअत बहुत मेहमान नवाज़ है। आपके ख़लीफ़ा का अमन का पैग़ाम हमारी ईसाई शिक्षाओं से काफ़ी मिलता है और मैं उम्मीद करती हूँ कि आपकी जमाअत हमारे साथ मिलकर इस क्षेत्र में अमन को स्थापित रखेगी।

चेयरपर्सन मंदवीवनीदव (NGO) याट्रेशाहाफ़े मान साहिबा कहती हैं। मैं दी हेग से आई हूँ और मुझे आपके प्रोग्राम की आर्गेनाईज़ेशन बहुत उत्तम लगी। मैं आपके ख़लीफ़ा से पहले मिल चुकी हूँ। और मैं समझती हूँ कि आपके ख़लीफ़ा और आपकी जमाअत हमारे साथ मिलकर आजकल के समाज की कई समस्याएं हल कर रहे हैं।

एक अरब मेहमान ज़करिया अल-अज़हर साहिब ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा: आज का प्रोग्राम बहुत अच्छा था। आपके ख़लीफ़ा की तक़रीर बहुत उत्तम थी और अगर हम अमन चाहते हैं तो हमें उनकी तक़रीर पर ज़रूर अनुकरण करना चाहिए। और एक अरब होने के नाते में यह भी कहना चाहता हूँ कि आपके प्रोग्राम के शुरू में तिलावत क़ुरआन करीम की गई थी जो मुझे देखकर बहुत अच्छा लगा।

एक लोकल मेहमान देने के साहिबा ने वर्णन किया: आपका प्रोग्राम बहुत उत्तम तरीक़ा से आर्गेनाईज़ किया गया है। आपके ख़लीफ़ा को देखकर बहुत अच्छा लगा। ख़लीफ़ा की तक़रीर बहुत अच्छी थी। आपके प्रोग्राम की यह बात भी अच्छी है कि आपने औरतों के लिए भी अच्छा प्रबन्ध किया हुआ है। मैं चाहती हूँ कि मैं भविष्य में फिर कभी इस मस्जिद में आऊँ और आपकी जमाअत की औरतों से मिलूं।

एक लोकल मेहमान फेलिप (Filip) साहिब ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा मुझे आपकी मस्जिद देखने का बहुत शौक़ था। इसलिए मैं आज यहां आया हूँ। इस के साथ साथ मैं ने आप के ख़लीफ़ा को भी देख लिया है तो आज का दिन मेरे लिए बहुत स्पेशल है। आपके ख़लीफ़ा की तक़रीर का मुझ पर बहुत अच्छा प्रभाव हुआ है।

एक लोकल मेहमान अदवन साहिब ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा: यह पहला अवसर है कि मैं मुसलमानों के इस किस्म के प्रोग्राम में आ रहा हूँ। आने से पहले मेरे पड़ोसी ने कहा था बच कर रहना। मुसलमानों का कुछ पता नहीं कब क्या कर दें। लेकिन मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। आपकी जमाअत के लोगों ने हमारा शुरू से लेकर आख़िर तक विचार रखा और आपकी मेहमान-नवाज़ी यादगार रहेगी। आपके ख़लीफ़ा के ख़िताब से हमें मालूम हो गया है कि आप अमन प्रिय हैं और अलमेरे शहर के माहौल को ख़राब नहीं करेंगे।

एक लोकल औरत मेहमान इवलिन साहिबा ने वर्णन किया:आपके ख़लीफ़ा की तक़रीर आजकल के हालात में बहुत ज़रूरी है। अफ़सोस की बात है कि दुनिया को इस्लाम की यह तस्वीर नहीं दिखाई जाती। आपकी जमाअत के लोग बहुत मेहनती हैं और मेहमान नवाज़ हैं। मैंने आज इस मस्जिद को पहली बार देखा है। मगर मैं आइन्दा भी यहां आना चाहती हूँ क्योंकि आपकी मस्जिद में मुझे सुकून मिलता है।

एक सिख औरत गुरप्रीत कौर साहिबा ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा: हम आपकी जमाअत को काफ़ी समय से जानते हैं। हम कादियान भी जा चुके हैं और इंडिया में हमारा घर अमृतसर में है। आपके आज के इस प्रोग्राम में आकर बहुत अच्छा लगा। आप सब आपस में एक फ़ैमिली की तरह रहते हैं जो कि आज के दौर में निहायत ज़रूरी है।

2 अक्तूबर 2019 ई(दिनांक बुधवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह साढ़े छ: बजे मस्जिद बैयतुन्नूर तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहायशगाह पर तशरीफ़ ले गए। सुबह हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने दफ़्तरी डाक, पत्र और रिपोर्टें देखीं और हिदायतों से नवाज़ा।

11 बजकर 20 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने आदरणीय अमीर साहिब हॉलैंड हिबतुन्नूर फरहाख़न साहिब और आदरणीय

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

हे लोगो अल्लाह का तक़्वा धारण करो और सब्र करो। ...अल्लाह का तक़्वा इख़तियार करो ।अल्लाह तुम्हारी राहें खोलने वाला और तुम्हारे काम बनाने वाला है

"तुम से पहले जो लोग गुज़रे हैं उनमें से एक शख़्स के लिए ज़मीन में गढ़ा खोदा जाता फिर उसे इस में गाड़ दिया जाता। फिर आरा लाया जाता और वह उस के सिर पर रखा जाता और इस शख़्स के दो टुकड़े कर दिए जाते और यह बात उस को इस के धर्म से न रोक सकती।"

"अल्लाह ख़ब्बाब पर रहम करे वह अपनी ख़ुशी से इस्लाम लाए, उन्होंने इताअत करते हुए हिजरत की। एक मुजाहिद के तौर पर ज़िन्दगी गुज़ारी। जिस्मानी तौर पर वह आज़माऐ गए और जो शख़्स नेक काम करे अल्लाह उस का अज्र नष्ट नहीं करता।"

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान बदरी सहाबी हज़रत ख़ब्बाब बिन अरत रज़ी अल्लाह अन्हो के प्रशंसनीय गुणों का वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 24 मई 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू. के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज में एक बदरी सहाबी हज़रत ख़ब्बाब बिन अरत रज़ी अल्लाह तआला अन्हो का ज़िक्र करूँगा। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि का सम्बन्ध क़बीला बनू सअद बिन ज़ैद से था। उनके पिता का नाम अरत बिन जन था। उनकी कुनिय्यत अबू अब्दुल्लाह और कई के नज़दीक अबू मुहम्मद और अबू यहाया भी थी। जाहिलीयत के ज़माना में ग़ुलाम बना कर मक्का में यह बेच दिए गए। यह उत्बा बिन ग़ज़वान के ग़ुलाम थे। कई के निकट उम्मे अन्मार ख़ुज़ाईया के ग़ुलाम थे। बनू ज़ुहरा के हलीफ़ हुए। अव्वल इस्लाम लाने वाले सहाबा में में यह छटे नम्बर पर थे और उन अव्वलीन में से हैं जिन्होंने अपना इस्लाम ज़ाहिर कर के इस की सज़ा में सख़्त मुसीबतें बर्दाश्त किए। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दारे अर्क़म में तशरीफ़ लाने और इस में दावत देने से पहले इस्लाम लाए थे।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 121-122 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

(अलासाब फ़ी तमीज़िस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 221 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1995 ई)

(उसदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 147 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

मुजाहिद कहते हैं कि सबसे पहले जिन लोगों ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की दावत पर लब्बैक कहते हुए इस्लाम ज़ाहिर क्या वे ये हैं: हज़रत अबू बकर रज़ि, हज़रत ख़ब्बाब रज़ि, हज़रत सुहैब रज़ि, हज़रत बिलाल रज़ि, हज़रत अम्मार रज़ि और हज़रत सुमय्या माता हज़रत अम्मार रज़ि। अत: रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तो अल्लाह तआला ने उनके चाचा अबूतालिब के माध्यम से महफ़ूज़ रखा और हज़रत अबूबकर रज़ि को ख़ुद उनकी क़ौम ने महफ़ूज़ रखा। बहरहाल ये जो लिखने वाला हैं यह एक ख़ास परिप्रेक्ष्य में यह लिख रहा है लेकिन यह बात बहरहाल लाज़िमी है और इस लिखने वाले के ज़हन में भी शायद यह नहीं रहा कि बावजूद उस के जो उसने लिखा है कि उनके चाचा अबूतालिब ने उनको महफ़ूज़ रखा या उनकी वजह से हिफ़ाज़त की। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुद भी मुशरिकीन मक्का के हाथों मज़ालिम से महफ़ूज़ न रहे और न ही हज़रत अबूबकर रज़ि महफ़ूज़ रहे। तारीख़ इस पर गवाह है। उन्हें भी तरह तरह के ज़ुलम तथा अत्याचार का निशाना बनाया गया बल्कि हज़रत अबू तालिब सहित ज़ुल्मों का निशाना बनाया गया। लिखने वाला तो यह कहता है कि फिर ये लोग तो महफ़ूज़ रहे लेकिन जैसा कि मैंने कहा यह भी इस की एक सोच है क्योंकि तारीख़ तो यह कहती है कि न आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम महफ़ूज़ रहे, न हज़रत अबू बकर रज़ि महफ़ूज़ रहे लेकिन बहरहाल वह फिर अपने इस ख़्याल का इज़हार करते हुए आगे लिखता है कि ये तो दोनों महफ़ूज़ हुए लेकिन बाक़ी सब लोगों को लोहे की ज़िरहें पहनाई गईं और उन्हें सूरज की तेज़ धूप में झुलसाया गया और जितना अल्लाह ने चाहा उन्होंने लोहे और सूरज की गर्मी को बर्दाश्त किया। शअबी कहते हैं कि हज़रत ख़ब्बाब रज़ि ने बहुत सब्र किया और कुफ़्फ़ार की मांग अर्थात इस्लाम से इन्कार को स्वीकार नहीं किया तो उन लोगों ने उनकी पीठ पर गर्मगर्म पत्थर रखे यहां तक कि उनकी पीठ से गोश्त जाता रहा। उसदुल ग़ाबह की यह सारी रिवायत है।

(उसदुल ग़ाब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 147 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

हज़रत ख़ब्बाब रज़ि की एक घटना जो हज़रत उमर रज़ि के इस्लाम क़बूल करने के वक़्त पेश आया उस का तफ़सीली वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में यूं बयान फ़रमाई है कि अभी हज़रत हमज़ा रज़ि को इस्लाम लाए सिर्फ़ कुछ दिन ही गुज़रे थे कि अल्लाह तआला ने मुस्लमानों को एक और ख़ुशी का अवसर दिखाया अर्थात हज़रत उमर रज़ि जो अभी तक कठोर मुख़ालिफ़ीन में से थे मुस्लमान हो गए। उनके इस्लाम लाने का क़िस्सा भी निहायत दिलचस्प है। बहुत सारे लोगों ने सुना भी हुआ है, पढ़ा भी हो है लेकिन यह विस्तार जो आप ने बयान की है यह भी मैं वर्णन कर देता हूँ और यह बयान करना उनकी तारीख़ के लिए ज़रूरी है। हज़रत उमर रज़ि की तबीयत में सख़्ती का माद्दा तो ज़्यादा था ही मगर इस्लाम की शत्रुता ने उसे और भी ज़्यादा कर दिया था। अत: इस्लाम से पहले उमर ग़रीब और कमज़ोर मुस्लमानों को उनके इस्लाम की वजह से बहुत सख़्त तकलीफ़ दिया करते थे लेकिन जब वह उन्हें तकलीफ़ देते-देते थक गए और उनके वापस आने की कोई सूरत ना देखी तो ख़्याल आया क्यों ना उस फ़ित्ने के मूल का अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ही ख़ातमा कर दिया जाए। यह ख़्याल आना था कि तलवार लेकर घर से निकले और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तलाश शुरू की। रास्ते में एक शख़्स ने उन्हें नंगी तलवार हाथ में लिए जाते देखा तो कहा उमर !कहाँ जाते हो? उमर ने जवाब दिया मुहम्मद(सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) का काम तमाम करने जाता हूँ। उसने कहा क्या तुम मुहम्मद को क़त्ल करके बनू अबद मनाफ़ से महफ़ूज़ रह सकोगे? ज़रा पहले अपने घर की तो ख़बर लो। तुम्हारी बहन और बहनोई मुस्लमान हो चुके हैं। हज़रत उमर रज़ि झट पलटे, वापस हुए और अपनी बहन फ़ातिमा के घर का रास्ता लिया। जब घर के क़रीब पहुंचे तो अंदर से क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत की आवाज़ आई। जो ख़ब्बाब बिन अल- अर्त अच्छी आवाज़ के साथ पढ़ कर सुना रहे थे। उमर रज़ि ने यह आवाज़ सुनी तो ग़ुस्सा और भी बढ़ गया। शीघ्र से घर में दाख़िल हुए लेकिन उनकी आहट सुनते ही ख़ब्बाब तो फ़ौरन कहीं छिप गए

और फ़ातिमा ने क़ुरआन शरीफ़ के पृष्ठों को भी इधर उधर छुपा दिए। हज़रत उमर रज़ि की बहन का नाम फ़ातिमा था। हज़रत उमर रज़ि अंदर आए तो ललकार कर कहा मैं ने सुना है तुम अपने धर्म से फिर गए हो। यह कह कर अपने बहनोई सईद बिन ज़ैद से लिपट गए। फ़ातिमा अपने पति को बचाने के लिए आगे बढ़ीं तो वह भी ज़ख़्मी हुईं मगर फ़ातिमा ने दिलेरी के साथ कहा। हाँ उमर! हम मुस्लमान हो चुके हैं और तुम से जो हो सकता है कर लो। अब हम इस्लाम को नहीं छोड़ सकते। हज़रत उमर रज़ि निहायत सख़्त आदमी थे लेकिन इस सख़्ती के पर्दा के नीचे मुहब्बत और नर्मी की भी एक झलक थी जो कई बार अपना रंग दिखाती थी। बहन का यह दलेरी भरा कलाम सुना, यह बात सुनी तो आँख ऊपर उठा कर उस की तरफ़ देखा तो वह ख़ून में नहाई हुई थी। इस नज़ारा का उमर के दिल पर एक ख़ास असर हुआ। कुछ देर ख़ामोश रह कर बहन से कहने लगे कि मुझे वह कलाम तो दिखाओ जो तुम पढ़ रहे थे? फ़ातिमा ने कहा कि मैं नहीं दिखाऊँगी क्योंकि तुम इन पृष्ठों को नष्ट कर दोगे, इन सफ़्हों को नष्ट कर दोगे। उमर ने जवाब दिया। नहीं नहीं तुम मुझे दिखाओ। मैं ज़रूर वापस कर दूँगा। फ़ातिमा ने कहा मगर तुम अपवित्र हो, नापाक हो और क़ुरआन को पाकीज़गी की हालत में हाथ लगाना चाहिए। अत: तुम पहले नहा लो तो फिर दिखा दूँगी और फिर देख लेना। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि शायद उनकी इच्छा यह भी होगा कि ग़ुसल करने से उमर का ग़ुस्सा बिलकुल दूर हो जाएगा और वह ठंडे दिल से ग़ौर करने के काबिल हो सकेंगे। जब उमर ग़ुसल से फ़ारिग़ हुए तो फ़ातिमा ने क़ुरआन के पृष्ठ निकाल कर उनके सामने रख दिए। उन्होंने उठा कर देखा तो सूर: ताहा की आरम्भिक आयतें थीं। हज़रत उमर रज़ि ने एक मरऊब दिल के साथ उन्हें पढ़ना शुरू किया और एक एक शब्द उस सईद फ़ितरत के अंदर घर किए जाता था अपना असर दिखा रहा था। पढ़ते पढ़ते जब हज़रत उमर रज़ि इस आयत पर पहुंचे कि

اِنَّنِیۡ اَنَا اللّٰہُ لَاۤ اِلٰہَ اِلَّاۤ اَنَا فَاعۡبُدۡنِیۡ وَ اَقِمِ الصَّلٰوۃَ لِذِکۡرِیۡ ۔ اِنَّ السَّاعَۃَ اٰتِیَۃٌ اَکَادُ اُخۡفِیۡہَا لِتُجۡزٰی کُلُّ نَفۡسٍۭ بِمَا تَسۡعٰی

(सूर:ताहा 15-16)

अर्थात मैं ही इस दुनिया का वाहिद ख़ालिक़ व मालिक हूँ मेरे सिवा और कोई उपासना के योग्य नहीं। अत: तुम्हें चाहिए कि सिर्फ मेरी ही इबादत करो और मेरी ही याद के लिए अपनी दुआओं को वक़्फ़ कर दो। देखो मौऊद घड़ी शीघ्र आने वाली है मगर हम उस के वक़्त को छुपाए हुए हैं ताकि हर शख़्स अपने किए का सच्चा बदला पा सके।

जब हज़रत उमर रज़ि ने यह आयत पढ़ी तो गोया उनकी आँख खुल गई और सोई हुई फ़ितरत चौंक कर जाग गई। बे-इख़्तियार हो कर बोले। यह कैसा अजीब और पवित्र कलाम है। ख़ब्बाब रज़ि ने ये शब्द सुने तो फ़ौरन बाहर निकल आए और ख़ुदा का शुक्र अदा किया और कहा। यह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की दुआ का नतीजा है क्योंकि ख़ुदा की क़सम! अभी कल ही मैंने आप को यह दुआ करते सुना था कि हे अल्लाह !तो उमर इब्न अल-ख़त्ताब या अमरो बिन हिश्शाम अर्थात अबु-जहल में से किसी एक को ज़रूर इस्लाम प्रदान कर दे। हज़रत उमर रज़ि को अब एक-एक पल बोझ था। इस कलाम को पढ़ने के बाद और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की गरिमा को पहचानने के बाद उनके लिए अब यहां टिक रहना बड़ा मुश्किल हो रहा था। उन्होंने ख़ब्बाब रज़ि से कहा कि मुझे अभी मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का रास्ता बताओ वह कहाँ है। मगर कुछ ऐसे आपे से बाहर हो रहे थे कि तलवार इसी तरह नंगी खींच रखी थी। यह ख़्याल नहीं आया कि तलवार भी मियान में डाल लें। नंगी तलवार को इसी तरह हाथ में पकड़ा हुआ था। बहरहाल उस ज़माने में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दारे अर्क़म में मुक़ीम थे। अत: ख़ब्बाब रज़ि ने उन्हें वहां का पता बता दिया। उमर रज़ि वहां गए और दरवाज़े पर पहुंच कर ज़ोर से दस्तक दी। सहाबा रज़ि ने दरवाज़ा की दराड़ में से उमर को नंगी तलवार थामे हुए देखकर दरवाज़ा खोलने में झिझक हुई, हिचकिचाहट की मगर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। दरवाज़ा खोल दो और हज़रत हमज़ा रज़ि ने भी कहा, हज़रत हमज़ा रज़ि भी वहां थे कि दरवाज़ा खोल दो। अगर नेक इरादे से आया है तो बेहतर वर्ना अगर नीयत बुरी है तो अल्लाह की कसम उसी की तलवार से इस का सिर उड़ा दूंगा। दरवाज़ा खोला गया। उमर नंगी तलवार हाथ में लिए अंदर दाख़िल हुए। उनको देखकर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आगे बढ़े और उमर का दामन पकड़ कर ज़ोर से झटका दिया और कहा उमर किस इरादे से आए हो? अल्लाह की कसम मैं देखता हूँ कि तुम ख़ुदा के अज़ाब के लिए नहीं बनाए गए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि मैं देखता हूँ कि तुम ख़ुदा के अज़ाब के लिए नहीं बनाए गए। उमर रज़ि ने अर्ज़ किया। हे अल्लाह के रसूल!मैं मुस्लमान होने आया हूँ। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ये शब्द सुने तो ख़ुशी से जोश में अल्लाहो अकबर कहा और साथ ही सहाबा रज़ि ने इस ज़ोर से अल्लाहो अकबर का नारा मारा कि मक्का की पहाड़ियां गूंज उठीं।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम-ए पृष्ठ 157 से 159)

हज़रत ख़ब्बाब रज़ि बयान करते हैं कि एक बार हमने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अपनी तकलीफ़ का इज़हार किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस वक़्त काबा के साया में अपनी चादर पर टेक दिए बैठे थे। हमने आप की ख़िदमत में अर्ज़ किया कि आप हमारे लिए सहायता नहीं मांगेगें। क्या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इन तंगी के हालात में हमारे लिए अल्लाह से दुआ नहीं करेंगे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुमसे पहले जो लोग गुज़रे हैं उनमें से एक शख़्स के लिए ज़मीन में गढ़ा खोदा जाता फिर उसे इस में गाड़ दिया जाता। फिर आरा लाया जाता और वह उस के सिर पर रखा जाता और इस शख़्स के दो टुकड़े कर दिए जाते और यह बात उस को इस के धर्म से न रोक सकती और लोहे की कंघियों से इस का गोश्त हड्डीयों या पट्ठों से नोच कर अलग कर दिया जाता और यह बात उस को इस के धर्म से न रोक सकती। फिर आप ने फ़रमाया अल्लाह की क़सम ! अल्लाह इस काम को अर्थात जो मेरा मिशन है इस को ज़रूर पूरा करेगा। जिस मक़सद के लिए मैं आया हूँ वह ज़रूर पूरा होगा, आसानियां भी आयेंगी ।फिर आगे आप ने फ़रमाया यहां तक कि एक ऊंठ सनआ से हज़रमूत तक सफ़र करेगा। सनआ और हज़रमूत यमन के दो शहर हैं और कहते हैं इन दोनों के मध्य 216 मील की दूरी है। बहरहाल आप ने फ़रमाया कि यह सफ़र करेगा और इस को सिवाए ख़ुदा के किसी का डर नहीं होगा। या यह भी फ़रमाया कि न अपनी बकरियों पर भेड़िए के हमला-आवर होने का डर होगा। आप ने फ़रमाया मगर तुम लोग जल्दी करते हो। सब्र से यह सारा काम होगा। बुख़ारी की रिवायत य है।

(सही अलबख़ारी किताबुल मनाक़िब हदीस नम्बर 3612)

(मोअजमुल बुलदान भाग 2 पृष्ठ 311 प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)

दूसरी जगह यह रिवायत इस तरह वर्णन हुई है। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि बयान करते हैं कि मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में हाज़िर हुआ। आप एक दरख़्त के नीचे लेटे हुए थे और आप ने अपना हाथ अपने सिर के नीचे रखा हुआ था। मैंने निवेदन किया हे अल्लाह के रसूल! क्या आप हमारे लिए दुआ नहीं करेंगे उस क़ौम के ख़िलाफ़ जिनकी निसबत हमें डर है कि वह हमें हमारे धर्म से न फेर दें ? तो आप ने मुझसे अपना चेहरा तीन मर्तबा फेरा। चेहरा परे कर लिया और जब भी मैं आप से ये अर्ज़ करता तो आप अपना मुँह मोड़ लेते। तीसरी बार आप उठकर बैठ गए और फ़रमाया लोगो! अल्लाह का तक़्वा धारण करो और सब्र करो। ख़ुदा की क़सम तुमसे पहले ख़ुदा के ऐसे मोमिन बंदे गुज़रे हैं जिनके सिर पर आरा रख दिया जाता और उन्हें दो टुकड़े कर दिया जाता मगर वे अपने धर्म से पीछे न हटे। अल्लाह का तक़्वा धारण करो। अल्लाह तुम्हारी राहें खोलने वाला और तुम्हारे काम बनाने वाला है।

(अलमुस्तदरक अला सहीहीन लिल्हाकिम भाग 3 पृष्ठ 431-432 किताब मअरफतिस्सहाबा बाब ज़िक्र मनाक़िब ख़ब्बाब बिन अल्अरत हदीस 5643)

हज़रत ख़ब्बाब रज़ि से रिवायत है वह कहते हैं कि मैं लोहार था और आस बिन वायल के ज़िम्मा मेरा क़र्ज़ था। मैं इस के पास तक़ाज़ा करने आया तो उसने मुझसे कहा कि मैं हरगिज़ तुम्हारा क़र्ज़ अदा नहीं करूँगा जब तक तुम मुहम्मद का इन्कार ना करो। इस बात का ऐलान न करो कि मैं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत से बाहर आता हूँ। जब तक तुम मुहम्मद का इन्कार न करोगे मैं अदा नहीं करूँगा तो हज़रत ख़ब्बाब रज़ि कहते हैं कि मैंने इस से कहा कि मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का हरगिज़ इनकार नहीं करूँगा यहां तक कि तू मरे और फिर ज़िन्दा किया जाए अर्थात नामुमकिन है कि मैं इनकार करूँ। आगे से उसने भी इस तरह का जवाब दिया कि जब मैं मरने के बाद ज़िन्दा किया जाऊँगा और अपने माल और औलाद के पास आऊँगा तो उस वक़्त तेरा क़र्ज़ अदा कर दूँगा। उसने भी कह दिया मैंने तो नहीं देना। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि कहते हैं कि इसी के बारे में यह आयात नाज़िल हुईं कि

اَفَرَءَیۡتَ الَّذِیۡ کَفَرَ بِاٰیٰتِنَا وَ قَالَ لَاُوۡتَیَنَّ مَالًا وَّ وَلَدًا ۔ اَطَّلَعَ الۡغَیۡبَ اَمِ

اتَّخَذَ عِنۡدَ الرَّحۡمٰنِ عَهۡدًا ۔ کَلَّا ؕ سَنَكۡتُبُ مَا يَقُوۡلُ وَنَمُدُّ لَهٗ مِنَ الۡعَذَابِ مَدًّا ۔ وَّنَرِثُهٗ مَا يَقُوۡلُ وَيَاۡتِيۡنَا فَرۡدًا ۔

(मर्यम 78 से 81)

क्या तूने इस शख़्स की हालत पर ग़ौर नहीं किया जिसने हमारे निशानों का इनकार किया और कहा कि मुझे यक़ीनन बहुत सा माल और बहुत से बेटे दिए जाऐंगे। क्या उसने ग़ैब का हाल मालूम कर लिया है या ख़ुदाए रहमान से कोई वादा ले लिया है। ऐसा हरगिज़ नहीं होगा हम उस के इस क़ौल को महफ़ूज़ रखेंगे और इस के अज़ाब को लंबा कर देंगे और जिस चीज़ पर वह फ़ख़र कर रहा है इस के हम वारिस हो जाऐंगे और वह हमारे पास अकेला ही आएगा

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 122 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

हज़रत ख़ब्बाब रज़ि लोहार थे और तलवारें बनाया करते थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनसे बहुत उलफ़त रखते थे और उनके पास तशरीफ़ ले जाया करते थे। उनकी मालिका को इस की ख़बर मिली कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत ख़ब्बाब रज़ि के पास आते हैं तो वह गर्मगर्म लोहा हज़रत ख़ब्बाब के सिर पर रखने लगी। लोहे का काम था। लोहे को भट्टी में डालते थे तो वह गर्म लोहा उनके सिर पर रखने लगी। हज़रत ख़ब्बाब ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इस की शिकायत की तो आप फ़रमाया :अल्लाह ख़ब्बाब की मदद कर। आप ने दुआ की। अत: नतीजा यह हुआ कि एक रिवायत में है कि उनकी मालिका उम्मे अन्मार जो थी उस के सिर में कोई बीमारी पैदा हो गई और वह कुत्तों की तरह आवाज़ें निकालती थी। इस से कहा गया कि तू दाग़ लगवा ले। अर्थात अपने सिर प गर्म लोहा लगवा। अत: हज़रत ख़ब्बाब रज़ि गर्म लोहे से इस के सर को दाग़ते थे। मजबूर हुई तो फिर वह हज़रत ख़ब्बाब के द्वारा अपने सिर पर गर्म लोहा लगवाती थी।

(उसदुल ग़ाब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 148 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

अबू लैला कुंदी से रिवायत है, वह कहते हैं कि हज़रत ख़ब्बाब रज़ि हज़रत उमर रज़ि के पास आए। हज़रत उमर रज़ि ने उनको कहा कि क़रीब आ जाओ क्योंकि सिवाए अम्मार बिन यासिर के इस मज्लिस का तुमसे ज़्यादा मुस्तहिक़ कोई नहीं। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि अपनी पीठ के वे निशान दिखाने लगे जो मुशरिकीन के तकलीफ़ देने से पड़ गए थे। तबक़ात अलकुबरा की यह रिवायत है।

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 122 ख़ब्बाब बिन अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

एक और जगह कमर के ज़ख़्म दिखाने के बारे में ज़रा तफ़सील से इस तरह रिवायत आती है। शअबी से रिवायत है कि हज़रत ख़ब्बाब रज़ि हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ि के पास आए। उन्होंने हज़रत ख़ब्बाब रज़ि को अपनी बैठने के स्थान पर बिठाया और फ़रमाया ज़मीन पर कोई शख़्स इस मज्लिस का उनसे ज़्यादा मुस्तहिक़ नहीं सिवाए एक शख़्स के। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि ने कहा हे अमीरुल मोमनीन !वह कौन है तो हज़रत उमर औने फ़रमाया वह बिलाल है। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि ने हज़रत उमर रज़ि से कहा कि हे अमीरुल मोमेनीन !वह मुझसे ज़्यादा मुस्तहिक़ नहीं है क्योंकि बिलाल जब मुशरिकों के हाथ में थे तो उनका कोई न कोई मददगार था जिसके द्वारा अल्लाह तआला उनको बचा लिया करता था मगर मेरे लिए कोई न था जो मेरी हिफ़ाज़त करता। एक रोज़ मैंने ख़ुद को इस हालत में देखा कि लोगों ने मुझे पकड़ लिया और मेरे लिए आग जलाई। फिर उन्होंने मुझे इस में डाल दिया। हज़रत ख़ब्बाब कहते हैं कि एक रोज़ मेरी यह हालत थी। मैंने अपने आपको इस हालत में देखा कि लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मेरे लिए आग जलाई और फिर इस में मुझे डाल दिया। आग के कोयलों पर जो गर्म कोयले थे एक आदमी ने मुझे इस में फेंक के अपना पांव मेरे सीने पे रख दिया। लोगों ने मुझे इस में फेंक दिया और इस के बाद एक आदमी ने अपना पांव मेरे सीने पर रख दिया तो मेरी कमर ही थी जिसने मुझे गर्म ज़मीन से बचाया या कहा कि मेरी कमर ही थी जिसने ज़मीन को ठंडा किया। फिर उन्होंने अपनी पीठ पर से कपड़ा हटाया तो वह बरस की तरह सफ़ैद थी।

(तबक़ात इबन-ए-सअद भाग 3 पृष्ठ 123 ख़ब्बाब बिन अरतदारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)अर्थात गर्म कोयलों पर लिटाया तो कोई चीज़ उन कोयलों को ठंडा करने वाली नहीं थी। जिस्म की जो खाल और चर्बी थी वही पिघल के इस को ठंडा कर रही थी।

फिर इस बारे में एक रिवायत इस तरह भी है। शअबी कहते हैं कि हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ि ने हज़रत ख़ब्बाब रज़ि से उन मुसीबतों के बारे में पूछा जो उन्हें मुशरिकीन से पहुंचते थे तो उन्होंने कहा कि हे अमीरुल मोमनीन मेरी पीठ देखें। जब हज़रत उमर रज़ि ने पीठ देखी तो फ़रमाया मैंने ऐसी पीठ किसी की नहीं देखी। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि ने बताया कि आग जलाई जाती थी और इस पर मुझे घसीटा जाता था और इस आग को और कोई चीज़ न बुझाती थी सिवाए मेरी कमर की चर्बी के।

(उसदुल ग़ाब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 148 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने हज़रत ख़ब्बाब रज़ि के बारे में जो बयान किया है वह इस तरह है। आप बयान करते हैं कि

"याद रखना चाहिए कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान ला कर जिन लोगों ने सबसे ज़्यादा तकलीफ़ें उठाएं वे ग़ुलाम ही थे। अत: ख़ब्बाब बिन अल अरत रज़ि एक ग़ुलाम थे जो लोहार का काम करते थे। वह बहुत आरम्भिक दिनों में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान ले आए। लोग उन्हें सख़्त तकालीफ़ देते थे यहां तक कि उन्ही की भट्टी के कोयले निकाल कर उन पर उन्हें लिटा देते थे और ऊपर से छाती पर पत्थर रख देते थे ताकि आप कमर ना हिला सकें। उनकी मज़दूरी का रुपया जिन लोगों के ज़िम्मा था वे रुपया अदा करने से मुनकिर हो गए। मगर बावजूद इन माली और जानी नुक़्सानों के आप एक मिनट के लिए भी शंकित न हुए और ईमान पर साबित-क़दम रहे। आप की पीठ के निशान आख़िर उम्र तक क़ायम रहे। अत: हज़रत उमर रज़ि की हुकूमत के दिनों में उन्होंने अपनी पिछली मुसीबतों का ज़िक्र किया तो उन्होंने इन से पीठ दिखाने को कहा। जब उन्होंने पीठ पर से कपड़ा उठाया तो तमाम पीठ पर ऐसे सफ़ैद दाग़ नज़र आए जैसे कि बरस के दाग़ हैं।"

(दुनिया का मुहसिन, अन्वारुल उलूम भाग 10 पृष्ठ 273)

फिर हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो एक और जगह फ़रमाते हैं कि "एक बार एक आरम्भिक नए मुस्लमान ग़ुलाम ख़ब्बाब रज़ि की पीठ नंगी हुई तो उनके साथियों ने देखा कि उनकी पीठ का चमड़ा इन्सानों जैसा नहीं, जानवरों जैसा है। वे घबरा गए और उनसे पूछा कि आप को यह क्या बीमारी है? वह हँसे"अर्थात हज़रत ख़ब्बाब रज़ि हँसे' और कहा बीमारी नहीं यह यादगार है इस वक़्त की जब हम नए मुस्लमान ग़ुलामों को अरब के लोग मक्का की गलियों में सख़्त और खुरदुरे पत्थरों पर घसीटा करते थे और निरन्तर यह ज़ुलम हम पर किया जाता था। इसी के नतीजा में मेरी पीठ का चमड़ा यह शक्ल धारण कर गया है।"

(दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन, अन्वारुल उलूम भाग 20 पृष्ठ 193)

इन आरम्भिक मुस्लमानों को जो ग़रीब भी थे और अक्सर ग़ुलाम भी थे और इस्लाम क़बूल करने के बाद जिन तकलीफ़ों में से उन्हें गुज़रना पड़ा जिसका ज़िक्र अभी हमने हज़रत ख़ब्बाब रज़ि के हवाले से सुना है कि कभी आग पर लिटा दिया जाता, कभी उनको पत्थरों पे घसीटा जाता। यह तकलीफ़ें तो उन्होंने बर्दाश्त कर लीं

अल्लाह तआला का उपदेश

رَبَّنَاۤ اِنَّنَاۤ اٰمَنَّا فَاغۡفِرۡ لَنَا ذُنُوۡبَنَا وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ (आले इम्रान 17)

हे हमारे रब्ब निसन्देह हम ईमान ले आए

अत: हमारे गुनाह माफ कर दे और हमें आग के अज़ाब से बचा।

तालिबे दुआ

MUHAMMAD MAJEED AND FAMILY

AMEER DIST: ROUPR. PUNJAB

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण का नमूना दिखाओ तब अलबत्ता सफल हो जाओगे।"

तालिबे दुआ

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

और जब बाद में इस्लाम की तरक़्क़ी हुई तो उस वक़्त अल्लाह तआला ने किस तरह नवाज़ा और उनका दुनियावी स्थान भी किस तरह क़ायम फ़रमाया उस का ज़िक्र करते हुए एक अवसर पर हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि ने इस तरह फरमाया है कि

"हज़रत उमर रज़ि एक बार अपने ज़माना ख़िलाफ़त में मक्का तशरीफ़ लाए तो शहर के बड़े बड़े रसईस जो मशहूर ख़ानदानों में से थे उनके मिलने के लिए आए। उन्हें ख़्याल पैदा हुआ कि हज़रत उमर रज़ि हमारे ख़ानदानों से अच्छी तरह वाक़िफ़ हैं। इसलिए अब जबकि वह ख़ुद बादशाह हैं हमारे ख़ानदानों का भी पूरी तरह सम्मान करेंगे और हम फिर अपनी गुम हुई इज़्ज़त को हासिल कर सकेंगे। अत: वे आए और उन्होंने आप से बातें शुरू कर दें। अभी वे बातें कर ही रहे थे कि हज़रत उमर रज़ि की मज्लिस में हज़रत बिलाल रज़ि आ गए। थोड़ी देर गुज़री तो हज़रत ख़ब्बाब रज़ि आ गए और इस तरह एक के बाद दूसरे पहले ईमान लाने वाले ग़ुलाम आते चले गए अर्थात शुरू में जो ईमान लाने वाले थे वे ग़ुलाम थे। वे सारे एक के बाद दूसरा आते चले गए। ये वे लोग थे जो इन रईसों के उनके माता पिता के ग़ुलाम रह चुके थे। ये जो नौजवान रईस बैठे थे या उस वक़्त के जो रईस बैठे थे ये सारे आने वाले जो थे ये उनके माता पिता के ग़ुलाम थे। और जब वे ग़ुलाम थे तो उस वक़्त अपनी ताक़त के ज़माने में वे उन पर बहुत अधिक अत्याचार भी किया करते थे। हज़रत उमर रज़ि ने हर ग़ुलाम के आने पर इस का स्वागत किया, जब भी ये लोग हज़रत ख़ब्बाब रज़ि या हज़रत बिलाल रज़ि इत्यादि आते थे, जब भी ये बहुत सारे पहले ईमान लाने वाले लोग आए और जो ग़ुलाम भी थे किसी ज़माने में। जब भी वे मजलिस में आते तो हज़रत उमर रज़ि बड़ी एहमीयत से उनका स्वागत करते। आप लिखते हैं कि हज़रत उमर रज़ि ने हर ग़ुलाम के आने पर इस का स्वागत किया और रईसों से कहा कि आप ज़रा पीछे हो जाएं। रईस मज्लिस में आगे बैठे होते थे जब ये पुराने ईमान लाने वाले आते थे तो आप इन रईसों को जो मक्का के रईस थे कहते ज़रा पीछे हट जाओ उनको आगे बैठने दो यहां तक कि वे नौजवान रईस जो आप से, हज़रत उमर रज़ि से मिलने आए थे हटते हटते दरवाज़े तक पहुंच गए। इस ज़माने में कोई बड़े बड़े हाल तो होते नहीं थे, एक छोटा सा कमरा होगा और चूँकि वे सब इस में समा नहीं सकते थे इसलिए पीछे हटते हटते इन रईसों को जूतियों में बैठना पड़ा। जब मक्का के वे रईस जूतियों में जा पहुंचे और उन्होंने अपनी आँखों से देखा कि किस तरह एक के बाद एक मुस्लमान ग़ुलाम आया और इस को आगे बिठाने के लिए उन लोगों को या रईसों को पीछे हटने का हुक्म दिया गया तो उनके दिल को सख़्त चोट लगी।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि लिखते हैं कि ख़ुदा तआला ने भी इस वक़्त कुछ ऐसे सामान पैदा कर दिए कि एक के बाद दूसो कई ऐसे मुस्लमान आ गए जो किसी ज़माना में कुफ़्फ़ार के ग़ुलाम रह चुके थे। अगर एक-बार ही वे रईस पीछे हटते तो उनको एहसास भी न होता मगर चूँकि बार-बार उनको पीछे हटना पड़ा इसलिए वे इस बात को बर्दाश्त न कर सके और उठकर बाहर चले गए। बाहर निकल कर वे एक दूसरे से शिकायत करने लगे कि देखो आज हमारा कैसा अपमान हुआ है। एक एक ग़ुलाम के आने पर हमको पीछे हटाया गया है यहां तक कि हम जूतियों में जा पहुंचे। इस पर उनमें से एक नौजवान बोला इस में किस का क़सूर है? उमर रज़ि का है या हमारे बाप दादा का है? अगर तुम सोचो तो मालूम होगा कि इस में हज़रत उमर रज़ि का तो कोई क़सूर नहीं। यह हमारे बाप दादा का क़सूर था जिसकी आज हमें सज़ा मिली क्योंकि ख़ुदा ने जब अपना रसूल मबऊस फ़रमाया तो हमारे बाप दादा ने विरोध किया मगर इन ग़ुलामों ने इस को क़बूल किया और हर किस्म की तकलीफ़ों को ख़ुशी से बर्दाश्त किया। इसलिए आज अगर हमें मज्लिस में अपमानित होना पड़ा है तो इस में उमर रज़ि का कोई क़सूर नहीं हमारा अपना क़सूर है। इस की यह बात सुनकर दूसरे कहने लगे कि हम ने यह तो मान लिया कि यह हमारे बाप दादा के क़सूर का नतीजा है मगर क्या इस आपमान के दाग़ को दूर करने का कोई माध्यम भी है या कोई नहीं है? इस पर सब ने आपस में मश्वरा किया कि हमारी समझ में तो कोई बात नहीं आती चलो हज़रत उमर रज़ि से ही पूछ लें कि इस का क्या इलाज है। अत: वो हज़रत उमर रज़ि के पास आए और कहने लगे कि आज जो कुछ हमारे साथ हुआ है इस को आप भी ख़ूब जानते हैं और हम भी ख़ूब जानते हैं। हज़रत उमर रज़ि फ़रमाने लगे कि माफ़ करना में मजबूर था क्योंकि ये वे लोग थे जो रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मज्लिस में सम्माननीय थे। शायद तुम्हारे ग़ुलाम होंगे लेकिन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मज्लिस में ये लोग सम्माननीय थे। इसलिए मेरा भी फ़र्ज़ था कि मैं उनकी इज़्ज़त करता। उन्होंने कहा हम जानते हैं यह हमारे ही क़सूर का नतीजा है लेकिन आया इस दोष को मिटाने का भी कोई माध्यम है। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि फ़रमाते हैं कि हम लोग तो इस का अंदाज़ा नहीं लगा सकते। आजकल उस का अंदाज़ा लगाना बहुत मुश्किल है कि वे लोग जो मक्का के रईसों में से थे उन्हें मक्का मैं किस क़दर प्रभुत्व हासिल था लेकिन हज़रत उमर रज़ि उनके ख़ानदानी हालात को बख़ूबी जानते थे। आप मक्का में पैदा हुए थे अर्थात हज़रत उमर रज़ि मक्का में पैदा हुए थे और मक्का में बड़े हुए थे इसलिए हज़रत उमर रज़ि जानते थे कि इन नौजवानों के बाप दादा किस क़दर इज़्ज़त रखते थे। आप जानते थे कि कोई शख़्स उनके सामने आँख उठाने की भी जुर्रत नहीं कर सकता था और आप जानते थे कि उन्हें किस क़दर रोब और दबदबा हासिल था। जब उन्होंने यह बात कही तो हज़रत उमर के सामने एक-एक कर के ये समस्त घटनाएं आ गईं और आप पर रिक़्क़त तारी हो गई। इस वक़्त आप रिक़्क़त की अधिकता के कारण से बोल भी न सके सिर्फ़ आप ने हाथ उठाया और उत्तर की तरफ़ उंगली से इशारा किया जिसका अर्थ यह था कि उत्तर में यानी शाम में कई इस्लामी जंगें हो रही हैं। अगर तुम इन जंगों में शामिल हो जाओ तो मुम्किन है इस का कफ़्फ़ारा हो जाए। अत: वे वहां से उठे और शीघ्र ही इन जंगों में शामिल होने के लिए चल पड़े। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि लिखते हैं कि तारीख़ बताती है कि वे रईसों के बेटे जितने थे उनमें से एक शख़्स भी ज़िन्दा वापस नहीं आया। सब उसी जगह शहीद हो गए और इस तरह उन्होंने अपने ख़ानदानों के नाम पर से अपमान के दाग़ को मिटा दिया।

(उद्धरित तफ़सीर कबीर भाग 8 पृष्ठ 65ता67)

नतीजा यही है कि क़ुर्बानियां करनी पड़ती हैं। जिन्होंने शुरू में क़ुर्बानियां कीं उनको इज़्ज़त मिली। बाद में अगर आए और इस अपमान के दाग़ को मिटाना है तो फिर भी क़ुर्बानियों से ही मिटाया जा सकता है

जब हज़रत ख़ब्बाब रज़ि और हज़रत मिक़दाद बिन अमरो रज़ि ने मदीना हिजरत की तो ये दोनों हज़रत कुलसूम बिन इलहदम के यहाँ ठहरे और हज़रत कुलसूम रज़ि की वफ़ात तक उन्हीं के घर ठहरे रहे। हज़रत कुलसूम रज़ि की वफ़ात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बदर की तरफ़ निकलने से कुछ अर्से पहले हुई थी। फिर वे हज़रत सअद बिन उबादह रज़ि की तरफ़ चले गए यहां तक कि पाँच हिज्री में बनू क़ुरैज़ा को फ़तह किया गया

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 123 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 2 पृष्ठ 57 ग़ज़वा रसूलुल्लाह अली बनी क़ुरैज़ा दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत ख़ब्बाब रज़ि और हज़रत ख़राश बिन समा के आज़ाद किए गए ग़ुलाम हज़रत तमीम रज़ि के बीच भाईचारा क़ायम फ़रमाया। एक दूसरे कथन के अनुसार आप ने हज़रत ख़ब्बाब रज़ि की भाईचारा हज़रत जब बन अतीक रज़ि के साथ क़ायम फ़रमाई। अल्लामा इब्न अब्दुल बर्रे के नज़दीक पहली रिवायत ज़्यादा सही है

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :

1800 3010 2131

(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)

Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

(अल इस्तेआब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 21 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दार अलजील बेरूत)

हज़रत ख़ब्बाब रज़ि ग़ज़वा बदर, अहद और ख़ंदक़ सहित अन्य समस्त जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ सम्मलित रहे।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 123 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

अबू ख़ालिद वर्णन करते हैं कि एक दिन हम मस्जिद में बैठे हुए थे कि हज़रत ख़ब्बाब रज़ि आए और ख़ामोशी से बैठ गए। लोगों ने उनसे कहा कि आप के दोस्त आप के पास इकट्ठे हुए हैं ताकि आप उनसे कुछ वर्णन करें या उन्हें कुछ हुक्म दें। हज़रत ख़ब्बाब रज़ि ने कहा मैं उन्हें किस बात का हुक्म दूं! ऐसा न हो कि मैं उन्हें किसी ऐसी बात का हुक्म दूं जो मैं ख़ुद नहीं करता।

(उसदुल ग़ाब फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 149 ख़ब्बाब बिन अल्अरत दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 2003 ई)

इन लोगों का अल्लाह तआला के ख़ौफ़ और तक़्वा का यह स्तर था

अब्दुल्लाह बिन ख़ब्बाब अपने पिता से रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक बार नमाज़ पढ़ाई और इस को बहुत लंबा किया। लोगों ने निवेदन किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आप ने ऐसी नमाज़ पढ़ाई है कि इस जैसी पहले कभी नहीं पढ़ाई। आप ने फ़रमाया हाँ यह रग़बत और ख़ौफ़ की नमाज़ है। मैंने इस में अल्लाह तआला से तीन चीजें मांगी हैं। अल्लाह तआला ने मुझे दो प्रदान की हैं और एक को रोके रखा है। मैंने अल्लाह से मांगा कि मेरी उम्मत को अकाल से हलाक न करे जो अल्लाह ने प्रदान फ़र्मा दी। मैंने अल्लाह से यह मांगा कि मेरी उम्मत पर कोई दुश्मन उनके शत्रुओं में से मुसल्लत ना किया जाए जो अल्लाह तआला ने मुझे प्रदान फ़र्मा दी। बहैसीयत उम्मत आज भी उम्मत क़ायम है और अगर कोई मुसल्लत करते हैं तो यह ख़ुद हुकूमतें अपने ऊपर मुसल्लत करती हैं। बहैसीयत उम्मत अल्लाह तआला के फ़ज़ल से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उम्मत क़ायम है। और फिर फ़रमाया और मैंने अल्लाह से मांगा कि मेरी उम्मत आपस में एक दूसरे से न लड़े। यह अल्लाह ने मुझे प्रदान नहीं की।

(सुनन अत्तरिमज़ी अबवाबुल फ़ितन बाब माजा फ़ी सवालुन्नबी सलासा फ़ी उम्मत हदीस नम्बर 2175)

और नतीजा आज यह है कि फ़िर्क़ा बाज़ीयां, कुफ़्र के फ़तवे यह सब कुछ चल रहा है

